देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 193 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 3 नवंबर 2021

**विचार-प्रवाह...**जलवायु परिवर्तन के तीखे सवाल





मौसम | अधिकतम 25.0° | न्यूनतम 14.0° | 39213.37

2 डर से बेखौफ भारत का ऐलान

7 फरवरी में करूंगा क्रिकेट पिच पर वापसी

# विकासशील देशों की वकालत, विकसित देशों को झिड़की

## भारत एकमात्र देश है जो पेरिस समझौते के अनुरूप काम कर रहा: पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ग्लासगो। ग्लासगो में चल रहे काप–26 जलवायु शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर फार रिसाइलेंट आईलैंड स्टेट्स का लान्च एक नई आशा जगाता है, नया विश्वास देता है। यह हमें सबसे कमजोर देशों के लिए कुछ करने की संतुष्टि देता है। मैं इसके लिए कोएलिशन फार डिजास्टर रेजिस्टेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को बधाई देता हूं। इस महत्वपूर्ण मंच पर मैं आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन समेत सभी सहयोगी देशों और विशेष रूप से मोरेसस और जमैका समेत छोटे द्वीप समूहों के नेताओं का स्वागत करता हूं। दुनियाभर के नेताओं के सामने पीएम मोदी ने कहा कि भारत विकासशील देशों की पीड़ा समझता है। मोदी ने विकसित देशों को उनकी जिम्मेदारियां याद दिलाईं और कहा कि उन्हें अपना वादा पूरा करना चाहिए। मोदी ने जिस तरह से वैश्विक मंच पर सामूहिक जवाबदेही की बात करते हुए घोषणाएं कीं, उससे लगता है कि वह ग्लोबल लीडर की भूमिका में आ रहे हैं।

**विकसित देशों को नसीहत दे गए मोदी**

प्रधानमंत्री ने विकसित देशों को 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में किया गया वादा याद दिलाया। उन्ह्होंने कहा कि विकसित देशों को जलवायु वित्तपोषण के लिए एक हजार अरब डॉलर देने के अपने वादे को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी निगरानी उसी तरह की जानी चाहिए जैसा जलवायु शमन की होती है।



**विकासशील देशों का दर्द समझते हैं: मोदी**

सीओपी–26 में पीएम मोदी ने कहा कि भारत साहस और महत्वाकांक्षा के साथ जलवायु के विषय पर आगे बढ़ रहा है और वह अन्य विकासशील देशों की पीड़ा को समझता है। उन्होंने कहा, भारत अन्य विकासशील देशों की पीड़ा को समझता है और साझा करता है तथा लगातार उनकी उम्मीदों को लेकर मुखर रहा है। कई विकासशील देशों के लिए जलवायु परिवर्तन उनके समक्ष खड़ा बहुत बड़ा संकट है। आज हमें दुनिया को बचाने के लिए बड़े कदम उठाने की जरूरत है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ दशकों ने साबित कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कोई भी अछूता नहीं है। चाहे वह विकसित राष्ट्र हों या जो प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध देश ही क्यों न हों। यह हम सबके लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत की स्पेस एजेंसी इसरो, सिड्स के लिए एक स्पेशल डेटा विंडो का निर्माण करेगी। इससे सिड्स को सैटेलाइट के माध्यम से सायक्लोन, कोरल–रीफ मॉनीटरिंग, कोस्ट–लाइन मानीटरिंग आदि के बारे में समय रहते जानकारी मिलती रहेगी। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि IRIS के लान्च को बहुत अहम मानता हूं। IRIS के माध्यम से सिड्स को प्रौद्योगिकी, वित्तिय सहायता, जरूरी जानकारी तेजी से जुटाने में आसानी होगी। स्माल आईलैंड डेवलपिंग स्टेट्स में क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर को प्रोत्साहन मिलने से वहां जीवन और आजीविका दोनों को लाभ मिलेगा।

वहीं, इसके पहले सोमवार को भारत ने साल 2070 तक अपने देश में नेट जीरो इमिशन लक्ष्य हासिल करने की घोषणा की है। ब्रिटेन के शहर ग्लासगो में विश्व जलवायु परिवर्तन पर चल रही वैश्विक बैठक काप–26 में पीएम मोदी ने इसका एलान कर भारत को पहला विकासशील देश बना दिया है जिसने पर्यावरण सुरक्षा को लेकर इस तरह का साहसिक कदम उठाया हो।

**भारत विरोधी चरमपंथी समूहों पर लगेगी लगाम**

भारत और ब्रिटेन अलगाववादी चरमपंथी संगठनों के खिलाफ ऐक्शन लेने पर सहमत हो गए हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष बोरिस जॉनसन के बीच ब्रिटेन के ग्लासगो में आयोजित सीओपी26 जलवायु शिखर सम्मेलन से इतर रविवार को 'संक्षिप्त' द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान आतंकवाद से मुकाबले और कुछ अलगाववादी संगठनों की चरमपंथी गतिविधियों पर लगाम लगाने की जरूरत जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। श्रृंगला ने कहा, 'जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, उनके लिए जलवायु परिवर्तन आस्था का विषय है और भारत अपनी प्रतिबद्धताओं को बढ़ चढ़कर पूरा कर रहा है।'

## संक्षिप्त समाचार

### कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस पार्टी से दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने आखिरकार कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी को इस्तीफा भेजा। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब लोक कांग्रेस नाम से अपनी नई पार्टी के गठन की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कैप्टन पहले ही कह चुके थे कि वह कांग्रेस छोड़ देंगे। कैप्टन ने अपनी पार्टी के गठन का ऐलान किया था।

### राहत, 10 हजार के पास पहुंची नए मामलों की संख्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों की संख्या में कमी दर्ज की जा रही है। नए मामले घटकर 10 हजार के पास पहुंच गए हैं। इसके साथ ही ठीक होने वालों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। बीते 24 घंटे में 10 हजार से ऊपर नए मामले सामने आए हैं और 15 हजार से ज्यादा रिकवरी दर्ज की गई हैं।

# मेक इन इंडिया से देंगे ड्रैगन को जवाब

## 12 हेलीकाप्टरों समेत 7,965 करोड़ की रक्षा खरीद को मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने मंगलवार को मेक इन इंडिया के तहत 7,965 करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी। इनमें हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 12 लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टरों की खरीद शामिल है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 12 हेलीकाप्टरों के अलावा डीएसी ने भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड से लाइनेक्स यू2 नेवल गनफायर कंट्रोल सिस्टम की खरीद को भी स्वीकृति दी है। इससे नौसैनिक युद्धपोतों की ट्रैकिंग और युद्धक क्षमताओं में बढ़ोतरी होगी। डीएसी ने एचएएल द्वारा डोर्नियर विमानों के मिड–लाइफ अपग्रेडेशन को भी मंजूरी प्रदान की है। इससे नौसेना की समुद्र में टोह लेने और तटों की निगरानी क्षमता में वृद्धि होगी। आत्मनिर्भर भारत को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेवल गनों की वैश्विक खरीद को बंद कर दिया गया है और अब भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) द्वारा निर्मित अपग्रेडेड सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) की खरीद की जाएगी। एसआरजीएम को नौसेना के युद्धपोतों पर लगाया जाएगा और ये गाइडेड युद्धक सामग्रियों के जरिये तेज गतिशील लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं।

बता दें कि भारतीय सेना को 25 स्वदेशी एएलएच–मार्क3 हेलीकाप्टर मिलेंगे। एचएएल से 3850 करोड़ रुपये में खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाली रक्षा खरीद परिषद ने मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्रालय ने 13,165 करोड़ रुपये के सैन्य प्लेटफार्म और उपकरणों की खरीद के लिए मंजूरी दे दी जिनमें 25 स्वदेश विकसित आधुनिक हल्के (एएलएच) मार्क–3 हेलीकाप्टर शामिल हैं।

**हेलीकाप्टर खरीदने की लागत 3,850 करोड़ रुपये**

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हेलीकाप्टर खरीदने की लागत 3,850 करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं रॉकेट के गोला–बारूद की एक खेप 4,962 करोड़ रुपये में खरीदी जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बेठक में खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। कुल खरीद में से 11,486 करोड़ रुपये के उपकरण और प्लेटफॉर्म घरेलू निकायों से खरीदे जाएंगे।

# बीजेपी और कांग्रेस नहीं कर पाएंगी एक दूसरे पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में 3 लोकसभा और 13 राज्यों की 29 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम आ गए है। राजस्थान में कांग्रेस ने धारियावद और वल्लभनगर विधानसभा सीटें अपने नाम कर ली हैं। पश्चिम बंगाल में चारों विधानसभा सीट पर तृणमुल कांग्रेस ने जीत हासिल कर ली है। मध्य प्रदेश की जोबट विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुलोचना रावत 6 हजार वोटों से जीत गई हैं।

मंडी संसदीय सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा सिंह ने भाजपा के उम्मीदवार रिटायर्ड ब्रिगेडियर खुशहाल सिंह को 8766 वोट से हरा दिया है। हिमाचल में तीनों विधानसभा सीटों पर भी कांग्रेस ने ही जीत हासिल कर ली है। वहीं, बिहार के तारापुर में जेडीयू आगे है। हरियाणा में इनेलो प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला के बेटे अभय चौटाला ने ऐलनाबाद विधानसभा सीट पर लगातार चौथी बार जीत हासिल कर ली है।

तीन लोकसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में हिमाचल प्रदेश में खुशाल सिंह ठाकुर और कांग्रेस की प्रतिभा सिंह के बीच मुकाबला था। इस सीट से कांग्रेस ने जीत हासिल की। मध्य प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट पर भाजपा के ज्ञानेश्वर पाटिल ने 81 हजार 701 वोट से जीत हासिल कर ली है। दादरा एवं नागर हवेली में शिवसेना की कलाबेन डेलकर की जीत हासिल कर ली है। असम की थौरा विधानसभा सीट भाजपा ने जीत ली है। कर्नाटक की सिंदगी विधानसभा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है, जबकि हंगल सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को जीत मिली है। यहां भाजपा दूसरे नंबर पर रही है। आंध्र प्रदेश की बडवेल सीट पर सत्ताधारी वायएसआर कांग्रेस ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। उनके उम्मीदवार ने यहां 90 हजार से ज्यादा वोट से जीत हासिल की है।

**उपचुनाव नतीजे**

- पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का दम बरकरार

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कुछ जिलों का टीकाकरण में पिछड़ना चिंताजनक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विदेश यात्रा से लौटने के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दोपहर 12 बजे कम कोविड टीकाकरण कवरेज वाले जिलों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। पीएम मोदी झारखंड, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय और अन्य राज्यों में कम टीकाकरण कवरेज वाले जिलों के 40 से अधिक जिलों के जिलाधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। कल की बैठक में इन राज्यों के सीएम भी मौजूद होंगे। यह जानकारी पीएमओ ने दी है। अब तक देश में वैक्सीन की 107.23 करोड़ डोज लगाई गई है। कोविन पोर्टल के मंगलवार शाम छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक देश में अब तक कोरोना रोधी वैक्सीन की कुल 107.23 करोड़ डोज लगा दी गई हैं।

देश में 13 राज्यों के 48 जिले ऐसे हैं, जिनमें कोरोना टीकाकरण की पहली डोज 50 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाई है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच इन जिलों का टीकाकरण में पिछड़ना चिंताजनक हो सकता है।

**कम कोविड टीकाकरण वाले जिलों के डीएम से बातचीत करेंगे पीएम**